आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 29-07.2725 समय : 02.10PM

लोकसभा ऑपरेशन सिंदूर

ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में विशेष चर्चा आज फिर से शुरू हुई। गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि कल ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को मार गिराया। उन्होंने बताया कि इन आतंकवादियों के पास से तीन राइफलें जब्त की गईं, जिनका इस्तेमाल पहलगाम आतंकी हमले में किया गया था।

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस

आज अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस है। हर साल 29 जुलाई को यह दिन मनाया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा गाैरव है कि मध्य प्रदेश सर्वाधिक बाघ वाला प्रदेश है। बाघों के संरक्षण के अप्रतिम प्रयासों से हमारे प्रदेश को टाइगर स्टेट का गौरव प्राप्त है, यहां 9 टाइगर रिजर्व है। यह दिवस प्रेरित करता है कि बाघों के साथ ही उन सभी वन्यजीवों को संरक्षित करने के प्रयासों में योगदान दें, जिनका अस्तित्व संकट में हो सकता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 2020, विश्वस्तरीय शिक्षा को सार्वभौमिक रूप से बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई एक दार्शनिक रूपरेखा के रूप में कार्य करती है। यह विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बन गई है। आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक परिवर्तनकारी पुनर्जागिरण का प्रतिनिधित्व करती है।

नाग पंचमी

प्रदेश भर में नाग पंचमी का त्योहार मनाया जा रहा है। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में वर्ष में एक बार खुलने वाले नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट मध्यरात्रि से श्रद्धालुओं के दर्शन के लिये खोल दिए गएं इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ ले रहे हैं नर्मदापुरम में आज नागपंचमी का पर्व परम्परागत रूप से मनाया जा रहा है। शिवालयों में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ है। पचमढी में नागद्वार मेले में भक्त भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

जबलपुर में भी इस अवसर पर लोग शिवालयों-घरों में नाग देवता की आकृति बनाकर पूजा कर रहे हैं, शिवलिंग पर दूध चढ़ा रहे हैं । वही बैतूल में श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाने वाला नागपंचमी पर्व आज श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है। नागपंचमी पर जगह-जगह नाग मंदिरों में नाग देवता की पूजा

की जा रही है। गुना जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है।

मौसम

प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है। कहीं मूसलाधार तो कहीं रिमझिम बारिश हो रही है। राजधानी भोपाल में कल  से से लगातार तेज बारिश का दौर जारी है। इसके साथ ही रायसेन और इटारसी में भी रात से बारिश हो रही है। प्रदेश में लगभग 25 से अधिक जिलों में पानी गिरा। मौसम विभाग ने आज 14 जिलों में अति भारी और 20 में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि कल प्रदेश में लो प्रेशर एरिया और ट्रफ की एक्टिविटी रही। इस वजह से अति भारी या भारी बारिश का दौर बना रहा।

समाचार संक्षेप में .

- मध्यप्रदेश हाईकोर्ट को 11 नए जज मिले हैं। नियुक्ति की अधिसूचना राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद केंद्रीय कानून मंत्रालय ने कल जारी की। 7 पूर्णकालिक और 4 अतिरिक्त न्यायाधीश बनाए गए हैं। लंबे समय बाद इतनी संख्या में एक साथ जजों की नियुक्ति हुई है। साथ ही जजों के स्वीकृत 53 पदों के विरुद्ध 45 संख्या हो गई है।
- शिवपुरी जिले में पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदन विद्यालय पनघटा में सत्र 2026-27 में कक्षा 9वी एवं कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु लेटरल परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितम्बर है